**Regarding construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat -Laid**

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(**बनासकांठा**) :** आज हम देश की आजादी के 75 वें वर्ष पूर्ण होने के पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है वहीं आज भी मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा मे काफी गांवों मे सड़कों की समस्या बनी हुई हैं । यहाँ पर एक गाँव से दूसरे गांवों मे जाने के लिए सड़कों की हालत बिल्कुल अच्छी नहीं है अभी भी यहाँ पर कच्ची सड़के हैं । बच्चों को स्कूल जाने तथा ग्रामीणों को एक गाँव से दूसरे गाँव मे जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, तथा खास तौर पर बारिश के समय में तो यहाँ की सड़कें कीचड़ मे तब्दील हो जाती हैं और लोगों को गाँव से निकलना काफी कठिन हो जाता है तथा वहीं गांवों मे किसी की तबीयत बिगड़ती है तो उसे अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है और ऐसे मे कुछ मरीजों की इलाज के अभाव में मृत्यु हो जाती है । यहाँ पर सड़कों का निर्माण किया जाना नितांत आवश्यक है । इसलिए, मैं सरकार से मांग करती हूँ कि यहाँ पर ग्रामीण सड़कों का सर्वे कराया जाय और फिर प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इन खराब सड़कों का निर्माण कराया जाय जिससे ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा हो सके ।